web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 25 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-30

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अयप्पा के दर्शन के लिए होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

कोल्लम (आरएनएस)। सबरीमाला मंदिर में मंडाला-मकाराविलक्कु के दौरान प्रदर्शनकारियों को रोकने और श्रद्धालुओं को बिना किसी तकलीफ के लिए अयप्पा के दर्शन के लिए नई व्यवस्था शुरू करने की तैयारी है। सन्निधानम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम शुरू किया जाएगा और इसपर रजिस्टर करने के बाद ही वे दर्शन के लिए आ सकेंगे।

### बारामूला में मुठभेड़, 2-3 आतंकवादी घिरे

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। यहां दो से तीन आतंकियों के घिरे होने की खबर है। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले बुधवार को श्रीनगर के नौगाम में सूथू में आतंकी और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे गए थे।

बुधवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई थी और इलाके में इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई थी। इसके बाद मुठभेड़ के दौरान स्थानीय लोगों की पुलिस और सेना के जवानों के साथ झड़प हो गई थी और लोगों ने पत्थरबाजी भी की।

### सुरक्षा बलों के अभियान में बच्चों समेत 14 नागरिकों की मौत,2 महिलाएं घायल

जलालाबाद। अफगानिस्तान के पूर्वी नागरहार प्रांत के रोडाट जिले में विशेष सुरक्षा बलों के अभियान में बच्चों समेत 14 नागरिकों की मौत हो गई और दो महिलाएं घायल हो गई हैं। पाझवोक अफगान न्यूज को एक विश्वस्त सूत्र ने बताया कि विशेष बलों की दो इकाइयों ने जिले में मंगलवार रात अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में 14 नागरिक मारे गए। उसने बताया कि घटना के बाद इलाके के लोगों ने एक विरोध रैली निकाली और जलालाबाद-तोरखम राजमार्ग पर चार घंटे तक यातायात बंद रखा।स्थानीय निवासियों के अनुसार एक चार महीने का बच्चा मां की गोद में मारा गया।स्थानीय निवासियों के अनुसार मंगलवार देर रात शाहिदान के आबादी वाले क्षेत्र में तीसरी बार इस तरह का अभियान चलाया गया। इलाके के जनजातीय नेता बारातुल्लाह ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तीन घरों में अभियान चलाया और इस दौरान कई लोग मारे गये और घायल भी हुए जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

### आईएनएस मीडिया मामला : दिल्ली उच्च न्यायालय ने पी चिदंबरम को गिरफ्तारी से 29 नवंबर तक राहत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पी चिदंबरम के लिए 29 नवंबर तक आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण बढ़ाया।

### सीबीआई मामलाः प्रशांत भूषण की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय वकील प्रशांत भूषण द्वारा दायर एक नई याचिका सुनाने के लिए सहमत है सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ एसआईटी जांच की मांग की है।

### जदयू ने लालू प्रसाद को जेल से भगाने की आशंका व्यक्त की

पटना, जदयू ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की एक कुख्यात अपराधी के साथ सेल्फी पर प्रश्न उठाते हुए झारखंड के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर आशंका व्यक्त की है कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को जेल से भगाने की साजिश रची जा सकती है । जदयू प्रवक्ता और बिहार विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी इन दिनों लगातार अपराधियों से मिल रहे हैं।

## भारतीय नागरिकता लेने के लिए बताना होगा धर्म



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने कहा है कि जो भी भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे अपना धर्म बताना होगा। होम मिनिस्ट्री की ओर से नोटिफाई किए गए नागरिकता (संशोधन) नियमों 2018 के जरिए यह बदलाव किया गया है।

नए नियमों में भारतीय नागरिकता के रजिस्ट्रेशन के जरिए आवेदन करने वाले व्यक्ति की ओर से भरे जाने वाले प्रत्येक फॉर्म में धर्म शब्द को जोड़ा गया है। यह पहली बार है कि जब भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए एक व्यक्ति को अपना धर्म बताना होगा। नए नियमों में कहा गया है कि भारतीय मूल के किसी व्यक्ति, भारतीय नागरिक से विवाह करने वाले किसी व्यक्ति, भारतीय नागरिकों के नाबालिग बच्चों को नागरिकता का आवेदन देते वक्त धर्म की जानकारी देनी होगी। अगर किसी के अभिभावक भारतीय नागरिक हैं और किसी के अभिभावकों में से एक स्वतंत्र भारत के नागरिक थे, उन्हें भी नागरिकता का आवेदन करते समय अपने धर्म की जानकारी देनी होगी।

हालांकि, होम मिनिस्ट्री ने कहा है कि धर्म पर संशोधन भारतीय नागरिकता का निवेदन करने वाले तीन देशों- पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों पर लागू था। होम मिनिस्ट्री ने कहा, पहले 2014 और 2016 में नोटिफिकेशन जारी किए गए थे, लेकिन इस बार धर्म को नागरिकता नियमों में जोड़ा गया है।

धर्म की घोषणा अनिवार्य करने का समय महत्वपूर्ण है। संसद में सरकार का नागरिकता संशोधन विधेयक लंबित है। इस विधेयक से अवैध प्रवासी अपने धर्म के आधार पर भारतीय नागरिकता के लिए पात्र बन जाएंगे। इससे जुड़े कानून के मसौदे पर संयुक्त संसदीय समिति विचार कर रही है। नागरिकता को धर्म के साथ जोड़ने के कारण इसकी निंदा हो रही है।

अभी नागरिकता कानून 1955 के तहत धर्म की जानकारी नहीं दी जाती।

कानून में जन्म, मूल, रजिस्ट्रेशन और देशीकरण के जरिए नागरिकता का प्रावधान है। कानून क्षेत्र के अंदर जन्म के सिद्धांत पर आधारित है और इसमें धर्म का कोई उल्लेख नहीं है। 2009 के नागरिकता नियमों में भी धर्म की जानकारी देने की आवश्यकता नहीं थी।

## पीएनबी स्कैम : नीरव मोदी पर ईडी का शिकंजा, 255 करोड़ की संपत्ति जब्त



नई दिल्ली। पीएनबी स्कैम के मुख्य आरोपी और हीरा कारोबारी नीरव मोदी को फिर से झटका लगा है. इस बार प्रवर्तन निदेशालय ने नीरव मोदी की हांगकांग में 255 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है. इससे पहले भी ईडी ने चार देशों में नीरव मोदी के खिलाफ कार्रवाई की है. इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने पांच विदेशी खातों को जब्त किया था, इन खातों में नीरव के 278 करोड़ रुपये जमा थे. इसके अलावा नीरव मोदी की ज्वेलरी और मुंबई के घर को भी सीज किया गया है.

### 13400 करोड़ के घोटाले का आरोप

आपको बता दें कि हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर 13400 करोड़ रुपए के पीएनबी घोटाले का आरोप है. हाल ही में नीरव मोदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी करोड़ों के जेवरात हॉन्ग-कॉन्ग भेजे गए थे. इस मामले में कार्रवाई करते हुए ईडी ने 637 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति अटैच की है. ईडी के मुताबिक पीएनबी घोटाले में अब तक कुल अटैचमेंट 4,744 करोड़ रुपये की हुई है.

### भाई और पत्नी के खिलाफ भी मामला दर्ज


ईडी ने पिछले दिनों कार्रवाई के दौरान हॉन्ग-कॉन्ग से 22 करोड़ 69 लाख की ज्वेलरी वापस मंगाई है. इस ज्वेलरी को भी ईडी ने सीज कर दिया है. ज्वेलरी की कीमत को कागजों में 85 करोड़ रुपये दिखाया गया था. नीरव मोदी ने यह अचल संपत्तियां साल 2017 में खरीदी थी.

## सुप्रीम कोर्ट ने नेपाल समेत इन देशों में लगाये पटाखों पर है बैन, जाने नियम



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दीपावली और दूसरे त्योहारों के अवसर पर पटाखे फोड़ने के लिए रात 8 बजे से 10 बजे की समय सीमा निर्धारित करते हुए देशभर में कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले हरित पटाखे बनाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की पीठ ने फ्लिपकार्ट और एमेजन जैसी ई-व्यापारिक वेबसाइटों को उन पटाखों की बिक्री करने से रोक दी है जो निर्धारित सीमा से अधिक शोर करते हैं। शीर्ष अदालत ने वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से, देश में पटाखों के निर्माण और उनकी बिक्री पर प्रतिबंध के लिए दायर याचिका पर यह आदेश दिया। दो घंटे तक पटाखों के चलाने के कोर्ट के फैसले की जहां कईयों ने सराहना की वहीं कई लोगों ने इसकी आलोचना करते हुए फैसले को गलत ठहराया। हालांकि कोर्ट का यह फैसला देश में बढ़ रहे प्रदूषण के लिए उचित है। अब कोर्ट के फैसले का लोगों किस हद तक असर होगा यह तो दीवाली पर देखने को मिलेगा। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनियाभर में कई ऐसे देश हैं जहां पर पटाखों पर पूरी तरह से बैन है और इसकी उल्लंघना करने पर इन देशों में सजा का भी प्रावधान है। भगवान राम का संबंध नेपाल से भी है क्योंकि यह उनका ससुराल है। इसलिए दीपावली वाले दिन जहां आयोध्या में खुशी मनाई जाती है वहीं इस त्योहर की धूम नेपाल में भी देखने को मिलती है। लेकिन यहां पटाखे चलाने पर प्रतिबंध है. सिंगापुर में 6 लोगों के मारे जाने की घटना के बाद आंशिक रूप से पटाखों पर बैन लगा दिया था। पाकिस्तान के कई प्रांतों में विस्फोटक अधिनियम के तहत पटाखों की बिक्री पर बैन है लेकिन इसके बावजूद यहां स्वतंत्रता दिवस और शादी आदि जैसे मौकों पर खूब पटाखे चलाए जाते हैं। चीन में अधिकांश शहरी इलाकों में पटाखों को बैन कर दिया गया था। हालांकि नए साल के मौके पर कुछ लाइसेंस प्राप्त संस्थाओं को क्रैकर शो करने की इजाजत है।

## अमेरिका में एक व्यक्ति की लगी दुनिया की सबसे बड़ी लॉटरी, कीमत जान चौंक जाएंगे



एजेंसी। अमेरिका में एक व्यक्ति ने एक लॉटरी टिकट पर 1.5 अरब डॉलर यानी 110 अरब रुपये का जैकपॉट जीता है। अमेरिका में लॉटरी में जीती गई यह दूसरी सबसे बड़ी राशि है। लॉटरी से जुड़े अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिलहाल विजेता की पहचान नहीं हुई है।मेगा मिलियन्स, जिसने लॉटरी में ईनामी राशि की जीत का ऐलान किया, ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि दक्षिण कैरोलिना में यह टिकट बेचा गया था लेकिन विजेता की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। मेगा मिलियन्स ने हालांकि पहले बताया था कि व्यक्ति ने 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर का जैकपॉट जीता, लेकिन बाद में इसमें सुधार कर इसे 1.537 अरब डॉलर किया। पॉवरबॉल लॉटरी के जैकपाट के जरिये जनवरी 2016 में 1.586 अरब का जैकपॉट मिला था जिसे तीन टिकटों पर बांटा गया था। इस तरह से यह दूसरा सबसे बड़ा ईनाम है। विशेष मेगा बॉल के जरिये मंगलवार की रात को छह विजेता नंबर ड्रा में निकले जो क्रमशः 5, 28, 62, 65,70 और 5 हैं।

## वीवी मिनरल्स के मालिक ए वईकुंदराजन के 100 ठिकानों पर आईटी का छापा

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु में अवैध खनन के आरोपी ए वईकुंदराजन की फैक्टी वीवी मिनरल्स पर इनकम टैक्स के अधिकारियों का छापा पड़ा है। साथ ही प्रदेश में ही वईकुंदराजन के 100 अलग-अलग लोकेशन पर छानबीन जारी है। बता दें कि वईकुंदराजन पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन का आरोप है। उनकी कंपनी वीवी मिनरल्स दुर्लभ खनिजों जैसे गार्नेट, इल्मेनाइट और रुटाइल का देश में सबसे बड़ा खनिक और निर्यातक है। वईकुंदराजन के बारे में कहा जाता है कि वह करोड़पति हैं लेकिन फिर भी बेहद साधारण तरीके से रहते हैं। सफेद कॉटन की शर्ट और धोती पहनते हैं और ज्यादातर नंगे पांव ही रहते हैं।

## इकबाल अंसारी को धमकी भरा पत्र लिखने वाला गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या में बाबरी मस्जिद के पक्षकार इकबाल अंसारी को धमकी भरा पत्र लिखने वाले शख्स को अमेठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सूर्य प्रकाश सिंह के रूप में हुई है जिसे अमेठी पुलिस ने फैजाबाद पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने पत्र में लिखे नाम और पते के आधार पर आरोपी का पता लगाया था। बता दें कि बुधवार रात को ही



इकबाल अंसारी को धमकी भरा पत्र मिला था जिसमें उन्हें बाबरी मस्जिद की पैरवी छोड़ने की बात कही गई थी। इकबाल अंसारी के शिकायत के बाद से ही पुलिस सक्रिय हो गई और यूपी के अमेठी जिले में उसे ढूंढ निकाला। आरोपी ने पत्र लिखने की बात भी कबूली और इसमें अपने पूर्वजों का हवाला दिया था। पत्र में आरोपी ने लिखा था कि इकबाल अंसारी के पैरवी न छोड़ने पर उन्हें सीमा पार भगा दिया जाएगा। फिलहाल फैजाबाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

फैजाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अमेठी रवाना हो गई है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (एएचपी) के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया के अयोध्या कूच के बाद बाबरी मस्जिद के पक्षकार इकबाल अंसारी ने अपने ऊपर खतरे की आशंका जाहिर की थी। साथ ही उन्होंने योगी सरकार से अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग भी की थी।

## दिवाली पर ज्यादा ढीली होगी जेब

### हवाई किराया 200 प्रतिशत तक बढ़ा



अहमदाबाद (आरएनएस)। दिवाली पर कहीं घूमने जाने का प्लान है तो हवाई सफर के दौरान जेब और ज्यादा ढीली करने को तैयार रहिए। फेस्टिव सीजन की वजह से डिमांड ज्यादा है और एयरलाइंस भी इसका जमकर फायदा उठानेवाली हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली, मुंबई, गोवा और बेंगलुरु जैसी जगहों का किराया 45 प्रतिशत तक बढ़ गया है वहीं जयपुर, देहरादून और बागडोगरा जैसे टूरिस्ट स्पॉट का किराया सीधे डबल ही हो गया है। कहीं-कहीं पर वृद्धि 200 प्रतिशत तक है। ऐसे में लास्ट मूमेंट पर प्लान बनानेवालों को खासी परेशानी हो रही है।

ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नैशनल कमिटी के सदस्य हितांग शाह किराया बढ़ने को सामान्य प्रक्रिया मानते हैं। उन्होंने कहा, फेस्टिव सीजन के दौरान फ्लाइट खचाखच होती हैं। ऐसे में किराया बढ़ना स्वभाविक है। इस वजह से देश या विदेश की यात्रा के लिए अडवांस में टिकट बुक करने की सलाह दी जाती है।

वहीं एक टूर ऑपरेटर के मुताबिक, किराया डबल होने की एक वजह टिकट बुकिंग एजेंट भी है क्योंकि वह पहले ही काफी सारी टिकट बुक कर लेते हैं। इसकी वजह से सीटें कम बचती हैं और रेट्स बढ़ जाते हैं, वह खुद टिकटों को महंगे रेट्स में बेचते हैं।

### कर रहे प्लान कैंसल

जिनकी कोई खास मजबूरी नहीं है, वे बढ़ी कीमतों को देखकर अपना जाना कैंसल भी कर रहे हैं।

जैनम मेहता नाम के एक मार्केटिंग प्रोफेशनल ने बताया, मुझे कुछ बिजनस मीटिंग्स के लिए टोरंटो, कनाडा जाना था, पहले में दिवाली के आसपास जाने की सोच रहा था, बहा आना-जाना जो मुझे 85 हजार रुपये का पड़ता है।

## वर्मा को छुट्टी पर भेजने के विरोध में सीबीआई मुख्यालय पर धरना देगी कांग्रेस

नयी दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो के निदेशक को छुट्टी पर भेजने के केंद्र सरकार के आदेश के खिलाफ कांग्रेस शुक्रवार को दिल्ली में सीबीआई मुख्यालय तथा राज्यों की राजधानियों में सीबीआई के कार्यालयों के सामने धरना-प्रदर्शन करेगी। राजधानी दिल्ली में इस प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पार्टी सीबीआई निदेशक के खिलाफ आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पूरे प्रकरण पर देश से माफी मांगने की मांग करेगी। सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी बृहस्पतिवार को राजस्थान के दौरे से लौटने के बाद इस मसले पर एक संवाददाता सम्मेलन भी कर सकते हैं।



## स्पीकर के फैसले पर हाई कोर्ट की मुहर, सरकार को राहत

### 18 एआईएडीएमके विधायकों की अयोग्यता

चेन्नई (आरएनएस)। तमिनाडु में एआईएडीएमके के बागी 18 विधायकों को अयोग्य घोषित किए जाने से जुड़े मामले को लेकर सूबे में लगातार जारी सियासी उठापठक पर आखिरकार गुरुवार को विराम लग गया। मद्रास हाई कोर्ट ने स्पीकर के फैसले को बरकरार रखा है। इसके साथ ही यह फैसला सत्तारूढ़ सरकार के लिए जहां राहत लेकर आई है, वहीं टीटीवी दिनकरन गुट को इससे तगड़ा झटका लगा है। बता दें कि तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष धनपाल ने इन 18 विधायकों को पिछले साल सितंबर में अयोग्य घोषित कर दिया था। अध्यक्ष की कार्रवाई के खिलाफ इन विधायकों ने सितंबर, 2017 में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद इस मामले में कई ट्विस्ट आए थे और सभी की नजरें आज आने वाले फैसले पर थीं। हाई कोर्ट के फैसले ने राज्य सरकार को राहत दी है।

### यह धर्म की जीत है...

मद्रास हाई कोर्ट के फैसले पर डेप्युटी स्पीकर पी.वी. जयरमन ने कहा, यह धर्म की जीत है और कपटी व धोखेबाजों के लिए तमाचा है। यदि कोई अपील भी दायर की जाती है तो हमें यकीन है कि सच्चाई की ही जीत होगी। वहीं, टीटीवी दिनकरन ने कहा, यह हमारे लिए झटका नहीं है। यह हमारे लिए एक अनुभव है और हम इस स्थिति का सामना करने को तैयार हैं। हमलोग अगली रणनीति 18 विधायकों से मीटिंग के बाद बनाएंगे। दरसअसल, तमिलनाडु की राजनीति में बागी विधायकों के इस फैसले के बाद आंकड़ों का खेल काफी अहम हो गया था।